संक्षिप्त

भक्तों ने जीमी पौषबड़ा प्रसादी

पावटा। कस्बे स्थित भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम मंदिर प्रांगण में सोमवार 22 जनवरी को सांय छ: बजे पौष माह के उपलक्ष्य में पौष बडा भोजन प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन होगा। प्रसादी से पूर्व भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम मंदिर में भव्य झांकी के श्रृंगार दर्शन, भजन कार्यक्रम और महाआरती का आयोजन होगा । मंदिर कमेटी वरिष्ठ सदस्य दिनेश शर्मा, रामो तार शर्मा, मामराज ने बताया कि इस दौरान भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम कमेटी व नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा विधायक कुलदीप धनकड का स्वागत किया जायेगा। वही जान कारी देते हुए सुनील बोहरा, चंद्रमोहन सैन, नरेंद्र गौड, दीपक भारद्वाज, नवरतन सोनी ने बताया कि कस्बे के घंटाघर चौक स्थित सीताराम मंदिर मे 22 जनवरी को अयोध्या मे रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर 21 जनवरी को रामचरित मानस व 22 जनवरी को महाआरती व पोष बडा महोत्सव आयोजन को लेकर पोस्टर विमोचन किया गया। इस समारोह में जनप्रतिनिधियों सहित बडी संया मे श्रद्धालु समलित होंगे।

पोस्टर का विमोचन किया

पावटा। माधव जनकल्याण फाउंडेशन द्वारा निशुल्क जूते वितरण कार्यक्रम के तहत पावटा पंचायत समिति के सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चो को निशुल्क जूते वितरण किये जायेंगे। जिसे लेकर माधव जनकल्याण फाउंडेशन पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड द्वारा किया गया। इस दौरान जीएल यादव, संस्था सचिव रोहित अहीर, संस्था कोषाध्यक्ष जैलेंदर यादव, पोखर पटेल, महासचिव मुकेश फोजी आदि लोग उपस्थित रहे।

टांडी जिला अध्यक्ष बने

टोंक। आदर्श जाट महासभा प्रदेशाध्यक्ष भैरू राम डागर ने जगदीश प्रसाद टांडी को आदर्श जाट महासभा टोंक जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। टांडी इससे पहले 19वा टोंक जिला जाट समाज सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं तथा 2015 से 2020 तक जाट समाज किसान बालिका छात्रावास टोडारायसिंह के भी अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं ।

विधायक धनकड़ ने सड़क व हाई मास्क लाइटों का उद्घाटन किया

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के मुय आतिथ्य व पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमेन उर्मिला अग्रवाल की अध्यक्षता एवं वाइस चेयरमेन अशोक सैनी, नरपत सिंह, चेयरमेन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी सहित जनप्रतिनिधियों के विशिष्ट आतिथ्य में बुधवार को पावटा प्रागपुरा नगरपालिका द्वारा पालिका क्षेत्र में करोडों रुपए की लागत से बनने वाली सी सी सड़कों व हाई मास्क लाईटों का उद्घाटन किया।

विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने पालिका क्षेत्र के पावटा कस्बे मे एसजीएन हॉस्पिटल से नेशनल हाईवे की तरफ सीसी रोड, काशीराम लंबुरा से आदर्श विद्या मंदिर की तरफ सीसी रोड, पावटा श्री कृष्ण गौशाला में सीसी सडक, कूनेड रोड, पावटा शनि मंदिर चौराहा, प्रागपुरा, पावटा सीएचसी कट, नौक्ड्या मोड पर हाई मास्क लाइट, मांजुकोट चौराहे से ललाना मोड तक 80 डेकोरेटेड पोल व लाईट का उद्घाटन किया। उन्होंने सी सी सडको का उद्घाटन करते हुए कहाँ कि पालिका द्वारा इन सी सी सडको के निर्माण से

पावटा नगर पालिका क्षेत्र में करोडों रुपए की लागत से बनने वाली सी.सी. सड़कों व हाई मास्क लाईटों का उद्घाटन विधायक कुलदीप धनकड़ (बीच में) ने किया ।

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आवागमन मे आसानी होगी। यह शहर का सबसे व्यसतम रोड है। जिससे रात को वाहन चालकों सहित जनता को काफी परेशानी का सामना करना पडता था। वही उन्होंने कहां कि पालिका द्वारा क्षेत्र में लगाई गई हाईमास्ट लाइट से रात के समय लोगों की आने-जाने की दिक्कत दूर होगी और वह सुरक्षित महसूस करेंगे। वही इस समस्या का समाधान करते हुए विधायक कुलदीप धनकड व चेयरमेन उर्मिला अग्रवाल ने अपने कर कमलों के द्वारा हाईमास्क लाइट का स्विच ऑन कर उद्घाटन किया गया। इससे जनता को अंधेरे से राहत मिलेगी।- इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाई गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के

■ 'राम राज में अपराध, भ्रष्टाचार आदि के लिए कोई स्थान नहीं'

द्वारा जन हित मे लागू की गई लैग शिप योजनाओ की जानकारी दी व कहाँ कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सभी वर्गो का ध्यान रखते हुए योजनाए लागू की गई है। विधायक कुलदीप धनकड ने कहाँ कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव व ढाणी का विकास ही मेरी प्राथमिकता है। वही विधायक धनकड ने कहां कि राम राज मे क्षेत्र में अपराध, भ्रष्टाचार आदि के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर था और अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं था। लेकिन अब फायरिंग करने वाले व हत्या करने वाले अपराधियों को कार्यवाही कर तुरंत पकडा जाता है व उनका जुलूस निकाला जाता है ये है रामराज। मोदी सरकार अपराध, अपराधियों, भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों पर लगाम लगाने में सफल साबित होगी। इस मौके पर जनप्रतिनिधि व बड़ी संया मे ग्रामीण मौजूद रहे।

सार-समाचार

गोशाला में की गई गो-सवामणी

श्रीमाधोपुर। श्री श्री 1008 संत श्री आत्मानंद जी ब्रह्मचारी आश्रम श्रीमाधोपुर में महंत श्री सतगीरी जी महाराज के सानिध्य में गौ माता के लिए सवा पांच मण की सवामणी प्रसाद बनाकर गौ वंश को खिलाया गया जिसमें समर्पण भाव के रूप मे ठेकेदार श्याम लाल कुमावत मऊ , लक्ष्मीकांत कुमावत खेड़ी, सागर बजाज, अर्जुन लाल सैनी, कैलाश सैनी, श्रीमाधोपुर, सीताराम कुमावत खंण्डेला व सभी संतगणो ने अपनी सेवाए दी।

रजिस्ट्रेशन निलंबन के नोटिस दिए

टोंक। जिला कलेक्टर के निर्देश पर परिवहन विभाग ने अवैध बजरी खनन में उपयोग में लिये गये 45 वाहन स्वामियों को अवैध खनन करने पर उनके विरुद्ध वाहन रजिस्ट्रेशन निलंबन की कार्यवाही के नोटिस जारी किये गये है। जिला परिवहन अधिकारी संपतराम वर्मा ने बताया कि वाहन स्वामी अपने वाहन को अवैध बजरी खनन एवं ओवरलोड परिवहन आदि किसी भी तरह उपयोग में नहीं लेवे। वाहन को अवैध खनन के परिवहन में पाये जाने पर उनके विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत पंजीयन निलंबन की कार्यवाही की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि बिना नंबर अंकित 29 वाहन एवं 6 वाहन चालकों को बिना लाइसेंस पाये जाने पर उन पर कार्यवाही कर चालान बनाया गया।

श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारी

लालसोट मंडावरी रामागढ़ पचवारा। श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम की धार्मिक महत्वता बढ़ाने के साथ इस कार्यक्रम की छवि जन जन तक सकारात्मक रूप से पहुंचे इसके लिए प्रशासन व्यापक तैयारी में जुटा हुआ है एवं कार्यक्रम को लेकर तैयारियां को व्यवस्थित करने के लिए अंतिम रूप देने की तैयारी में लगा हुआ है।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार व स्थानीय विधायक रामविलास मीणा द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना में प्राप्त निर्देशों के अनुसार 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर धार्मिक स्थलों की सफाई के साथ धार्मिक स्थलों की सजावट आदि का कार्य करवाया जा रहा है। धार्मिक स्थलों पर श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लाइव कार्यक्रम लोगों को दिखाने की व्यवस्था की जा रही है। इसी के साथ कार्यक्रम की भव्यता को लेकर एवं इसका

■ धार्मिक स्थलों की सजावट, सफाई व अन्य तैयारियां की जा रही है

लोगों में जन-जन तक संदेश पहुंचाने के चलते प्रसादी वितरण का भी कार्यक्रम तय किया गया है। अधिशासी अधिकारी शर्मा ने बताया कि उपखंड मुख्यालय नगर पालिका क्षेत्र स्थित धार्मिक स्थलों को स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत साफ सफाई कर चमकने का भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की भव्यता को लेकर लालसोट क्षेत्र के तीनों प्रमुख जगहों पर मार्गों पर तीन भव्य स्वागत द्वार भी लगाए जाएंगे। अधिशासी अधिकारी शर्मा ने बताया कि स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत क्षेत्र के नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर उनके द्वारा जायजा लिया गया एवं सफाई कर रही सफाई कर्मचारियों की टीम कुछ संबंधित धार्मिक स्थलों की बेहतर सफाई करने के निर्देश भी दिए गए।

प्रतिभा समारोह 28 जनवरी को

टोंक। च्यवन गौड़ ब्राह्मण समाज टोंक-भगवतगढ थान के सचिव घनश्याम कांदला ने बताया कि दिनांक 28 जनवरी को जयपुर में होने वाले च्यवन गौड़ ब्राह्मण समाज के प्रतिभा समारोह के आयोजन हेतु टोंक-भगवतगढ थान कार्यकारिणी की बैठक 18 जनवरी को एंजल किड्स होम,सेक्टर, हाउसिंह बोर्ड टोंक मे प्रहलादराय काँदला उपाध्यक्ष आम चौरासी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक मे टोंक भगवतगढ थान अध्यक्ष रामप्रसाद द्वारा आगामी दिनों मे 28 जनवरी 2024 को रंगमहल मेरिज गार्डन वाटिका रोड जयपुर में होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह एवं 26 अप्रेल 24 को मालपुरा थान के ग्राम सीतारामपुरा मे आयोजित होने वाले सामुहिक विवाह सम्मेलन को सफल बनाने के लिये कार्यकारिणी पदाधिकारियो एवं सदस्यो से विचार विमर्श किया एवं सभी सदस्यो ने अपने अपने सुझाव प्रस्तुत किये। बैठक मे मालपुरा थान अध्यक्ष लादूराम, सत्यनारायण बोरखण्डी, पुर्व भगवतगढ थान अध्यक्ष दुर्गालाल उपाध्याय खरेडा, हनुमान व्यास बाजोलिया आदि समाज बन्धु उपस्तिथ रहें।

यूथ एवं इको क्लब का प्रशिक्षण आयोजित

टोंक। देवली उपखंड के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ देवली के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय यूथ एंड इको क्लब का प्रशिक्षण गिर्राज प्रसाद गर्ग सीओ स्काउट टोंक के निर्देशन में आयोजित हुआ।

पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं सहायक जिला कमिश्नर स्काउट भंवरलाल कुम्हार ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण में देवली ब्लॉक के सभी विद्यालयों के यूथ एंड इको क्लब प्रभारी संभागी के रूप में शामिल हुए। प्रशिक्षण में स्काउट की सभी चार विंग्स में सम्मिलित टमटोला, कब बुलबुल, स्काउट गाइड, रोवर रेंजर आदि के कार्यों को विस्तृत रूप से बताया गया। स्काउट मास्टर सीताराम मीणा ने स्काउट के स्वावलंबन,संस्कार, आत्म अनुशासन, चारित्रिक विकास, पर्यावरण के प्रति लगाव, राष्ट्रीय कार्यों में सहयोग, समाज सेवा अच्छी आदतें आदि गुणों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण से पूर्व स्थानीय संघ देवली एवं स्थानीय

देवली में ब्लॉक स्तरीय यूथ एंड इको क्लब का प्रशिक्षण गिर्राज प्रसाद गर्ग सीओ स्काउट टोंक के निर्देशन में आयोजित हुआ।

विद्यालय के स्काउट एवं गाइड द्वारा पर्यावरण जागरूकता एवं स्वच्छता के लिए रैली निकालकर संदेश दिया। इस अवसर पर स्थानीय संघ देवली के सचिव द्वारका प्रसाद प्रजापत, स्काउट मास्टर जगदीश गुर्जर, मुकेश प्रजापत, अशोक शर्मा, गणपत सिंह, नीरज शर्मा, मधु सेन, रेखा मीणा,ललिता पारीक, टीना वर्मा आदि उपस्थित रहे।

प्रकाशोत्सव मनाया

पावटा। निकटवर्ती बावडी स्थित गुरुद्वारा कलगीधर सिंह सभा में गुरू गोविंद सिंह की 358वीं जयंती प्रकाशोत्सव के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर गुरुद्वारा कलगीधर सिंह सभा बावडी पावटा में सुबह गुरुवाणी, सुखमणि साहब के पाठ और शब्द कीर्तन किए गए। इसके बाद सामूहिक अरदास की गई।सिख समाज के अलावा भी सभी धर्मों के लोगों ने गुरुद्वारा में पहुंचकर अरदास और सेवा की। वही गुरू गोविंद सिंह के पांच प्रेरणादायक वचन निभाने की सीख देते हुए बताया गया कि अगर किसी को वचन दिया है तो उसे हर कीमत पर निभाओ। किसी की चुगली और निंदा करने से हमेशा बचना चाहिए और किसी से ईर्ष्या करने की बजाय मेहनत पर ध्यान दो। काम में खूब मेहनत करें और काम में कौताही ना बरतें। गुरुवाणी को कंठस्थ कर लें और अपनी कमाई का दसवां हिस्सा दान में दें। वही गुरु गोविंद सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की बात कही।

कलेक्टर व एस.पी. ने शांति व सद्भावना की बैठक ली

टोंक। शांति एवं सद्भावना की बैठक गुरुवार को जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा एवं पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा ने संयुक्त रूप से ली। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने कहा कि जिले के सभी नागरिकों का यह दायित्व है कि वे आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सद्भाव से रहे। प्रशासन एवं पुलिस नागरिकों के सहयोग के लिए होती है।

उन्होंने कहा कि सभी धर्मों, समुदायों एवं समाजों के लोग एक दूसरे के त्यौहारों एवं खुशी में शरीक हो। उन्होंने कहा कि आगामी 22 जनवरी को नवनिर्मित अयोध्या मंदिर के लोकार्पण व आरंभ प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम है। जिले के नागरिकों से शांतिपूर्ण माहौल में मंदिर, देव स्थानों पर पूजा अर्चना, भजन, कीर्तन करने की बात कही। उन्होंने कहा की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें, कोई भी समस्या हो तो तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को सूचित करें।

पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा ने कहा कि टोंक जिला शांति एवं गंगा-जमुना तहजीब के लिए जाना जाता है। कोई भी व्यक्ति अप्रिय घटना होने पर कानून अपने हाथ में नहीं ले तथा तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को सूचित करे। असमाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। शरारती तत्वों पर पुलिस की नजर रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक खबरें ना फैलाएं। सोशल मीडिया पर गलत अफवाह फैलाने वाला पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा भी सुझाव दिये गए। शांति समिति के सदस्य एडवोकेट राजेंद्र पराणा ने कहा कि पूरे जिले में सकारात्मक एवं खुशी का माहौल है। समाज के सभी लोग प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार रहते है। उन्होंने पुलिस को सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखने की बात कही। टोंक के ओमप्रकाश पाण्डेय एवं मालपुरा के अंकित जैन ने सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का जायजा लेने की बात कही, ताकि कोई घटना होने पर उसके वीडीयो प्राप्त हो सके। अब्दुल कवि खान ने टोंक शहर में घूम रहे आवारा जानवरों को पकड़ने पर जोर दिया। हंसराज गाता ने जिला अस्पताल में पशुओं के आवागमन को रोकने को लेकर कार्य योजना बनाने की बात कही। इस दौरान एडीएम मालपुरा अशोक त्यागी, उपखंड अधिकारी टोंक कपिल शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद, पार्षद शब्बीर अहमद, जाकिर कुरैशी, खेमराज गुर्जर, कन्हैया गर्ग, रामनारायण, सुभाष कुमार मिश्रा, कमलेश यादव सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

पूर्व पार्षद झूमां देवी का निधन

झूमा देवी सैनी

श्रीमाधोपुर । कस्बे के वार्ड नंबर 13 की पूर्व पार्षद झूमा देवी सैनी का गुरुवार को निधन हो गया। विदित रहे की झूमां देवी सैनी सन 2010 से 2015 तक नगर पालिका श्रीमाधोपुर में निर्वाचित पार्षद रही है। उनके पुत्र ओमप्रकाश सैनी पूर्व अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा श्रीमाधोपुर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उनकी स्वर्गीय माताजी हमेशा ही एक समाज सेविका की भूमिका में रही है। इस मौके पर आसपास व वार्ड के गणमान्य लोगों ने उनके द संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया

श्रीमाधोपुर। जिला नीमकाथाना के ब्लॉक श्रीमाधोपुर में 18 जनवरी गुरुवार को जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी नीमकाथाना डॉ. विशाल चौधरी द्वारा ब्लॉक श्रीमाधोपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हांसपुर व जोरावर नगर सेक्टर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान व टीकाकरण सत्रो का औचक निरीक्षण कर दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और की जा रही स्वास्थ्य जांचों की स्थिति की समीक्षा कर एनिमिक महिलाओं को आयरन सुक्रोज लगा कर ऑनलाइन रिपोर्टिंग किये जाने हेतु निर्देशित किया साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर दवाओं व जांचों की उपलब्धता , बायो मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण, कोल्ड चैन पॉइंट अंतर्गत मार्गदर्शिका व वीसी में दिए गए दिशा-निर्देशों की शत प्रतिशत पालना , ओडिके एप्प के माध्यम से समस्त टीकाकरण सत्रो की मॉनिटरिंग व युविन एप्प के द्वारा समस्त सत्रो का ऑनलाइन सेशन शुरू करने के बारे में आवश्यक दिशा - निर्देश दिए गए।एमसीएचएन दिवस बकाया लिस्ट की उपलब्धता,दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुववत्ता , आवश्यक दवाओं व जांचों की उपलब्धता , बायोमेडिकल वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण , रिकॉर्ड संधारण , एनाफ़ायलेक्सिस किट , एचआइवी सिफलिस जांच किट की उपलब्धता की मॉनिटरिंग की गई। इकेवाईसी आयुष्मान कार्ड अंतर्गत सेक्टर में प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र की उपलब्धि की समीक्षा कर ई केवाईसी को लक्ष्य अनुरूप शत प्रतिशत पूर्ण करने एवं विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमो के क्रम में आवश्यक दिशा- निर्देश प्रदान किये गए। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक स्तर से ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर गोविन्द शर्मा उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय रोशनी आयोजित

टोंक। राम भक्तों एवं व्यापरियों द्वारा राम मंदिर प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर पटेल सर्कल से हेमू कालानी सर्कल मुख्य बाजार होते हुए, पुराना बस स्टैंड से घंटाघर, कामधेनु सर्कल से नया बस स्टैंड पर तीन दिवसीय जो 21 जनवरी से 23 जनवरी तक रोशनी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सुभाष मूर्ति, पुराना बस स्टैंड, तख्ता दरवाजा पर राम दरबार भी बनाया जाएगा । इस हेतु उपखंड अधिकारी टोंक से मुलाकात कर समस्त टोंक शहर मे होने वाली रोशनी पर चर्चा की गई। उपखंड अधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर परिषद, टोंक द्वारा 5 दिवसीय विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा तथा उनके द्वारा मुख्य बाजार स्थित मंदिरों पर भी रोशनी करवाने का आग्रह किया गया जिसे रामभक्तों एवं व्यापरियों द्वारा सहर्ष स्वीकार कर लिया गया। उक्त बैठक मे मनीष बंसल, प्रवीण बंसल, मुकेश मित्तल, ऋतु राज अग्रवाल, मनोज ऐरन,नरेंद्र बंसल महेंद्र मित्तल, देवेन्द्र जैन, मनीष मंगल, राजू जैन, आनंद वर्धन बम्ब आदि मौजूद रहे।

पुलिस कमिश्नर जोसफ ने कानोता थाने में की जनसुनवाई

जयपुर। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने गुरुवार को कानोता थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश चंद्र विश्नोई, डीसीपी पूर्व ज्ञान चंद यादव, बस्सी एसीपी फूलचंद और संबंधित थानों के एसएचओ और अधिकारी उपस्थित रहे।

बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि जनसुनवाई का नवाचार आमजन को खासा रास आ रहा है। ग्रामीण और दूरदराज के लोग जो जयपुर नहीं आ पाते ऐसे परिवादी अपनी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए बड़ी तादात में शिरकत कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि परिवादियों की समस्याओं के तुरंत समाधान के लिए वृत क्षेत्रों में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आगामी दिनों में शेष रहे दोनों जिलों के वृत्त क्षेत्रों में जनसुनवाई की जाएगी। आयुक्त ने

जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने जनसुनवाई के दौरान लोगों की समस्याऐं सुनी।

इससे पहले शिप्रापथ थाने में जनसुनवाई कर सैकड़ों परिवादियों को राहत दी थी। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिए गए।

आयुक्त ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में जमीन पर अवैध कब्जा, जमीन के डबल पट्टे, जमीनी विवाद, पारिवारिक मुकदमे, चोरी, धमकी, मारपीट और अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस थाना तूंगा, बस्सी, कानोता, खोह नागोरियान प ट्रान्सपोर्टनगर क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस आयुक्त को बताकर समाधान पाया।

भंडारा प्रसादी 22 को

श्रीमाधोपुर। श्री महावीर दल वार्ड नंबर 13 श्रीमाधोपुर में नवनिर्मित मंदिर के गर्भ ग्रह में श्री पंचमुखी हनुमान जी के विग्रह को आचार्य के सानिध्य में पुन: विराजित करवाया जाएगा व स्थापना पर भंडारा कार्यक्रम 22 जनवरी सोमवार को आयोजित होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के तहत 20 जनवरी शनिवार को प्रात: 9:15 बजे से वास्तु जप व हनुमान जप , 21 जनवरी रविवार को प्रात: 10:15 बजे मूल रामायण पाठ व शाम 6.15 बजे से बजे हवन पूजा , 22 जनवरी सोमवार को दोपहर 12:17 बजे नव गर्भ ग्रह में मूर्ति स्थापना शाम 5 बजे से भंडारा प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

शिविर 21 को

श्रीमाधोपुर। स्वर्गीय चंद्र मणि शर्मा धर्मार्थ चिकित्सा संस्थान श्रीमाधोपुर में 21 जनवरी रविवार को प्रात: 10 से 1 बजे तक नि:शुल्क न्यूरोलॉजी चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। संस्थान की युगल किशोर शर्मा जोशी एवम समाजसेवी छाजूराम ने बताया कि शिविर में डॉ अंजनी कुमार शर्मा वरिष्ट न्यूरो फिजिशियन रुक्मणि बिरला हॉस्पिटल जयपुर लकवा, न्यूरो आदि की नि:शुल्क परामर्श देंगे।

बैठक में नदारद अधिकारियों के खिलाफ जनप्रतिनिधियों की दिखी नाराजगी

पंचायत समिति श्रीमाधोपुर की साधारण सभा की बैठक का आयोजन पंचायत समिति प्रधान रामकोरी देवी की अध्यक्षता में हुआ।

श्रीमाधोपुर। पंचायत समिति श्रीमाधोपुर की साधारण सभा की बैठक का आयोजन पंचायत समिति प्रधान रामकोरी देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत, आजीविका संबोधन व प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन की थीम पर वार्षिक कार्य योजना, श्रम बजट का अनुमोदन सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान पंचायत समिति सदस्य जगदीश यादव ने लिसाड़ियां में जनता जल मिशन योजना में डाली गई पाइप लाइनों को लेकर विरोध जताया और कहा कि जो लाइन डाली गई है वह गलत डाली गई है और कई जगह तो लाइन ही नहीं डाली गई उन्होंने उक्त योजना का नक्शा उपलब्ध करवा कर मामले में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की।

कोटडी सिमारला सरपंच विमला झरवाल ने ग्रामीण इलाके में बार-बार विद्युत कटौती तथा जेजेएम योजना में नल कलेक्शन नहीं होने के कारण पेयजल समस्या उत्पन्न होने का मुद्दा उठाया। प्रधान रामकोरी देवी ने सिमारला जागीर के अधिनस्थ राजस्व ग्राम जलालपुर में जलदाय विभाग द्वारा ट्यूबवेल करवाने के विद्युत कनेक्शन नहीं होने की बात कही वहीं बैठक के दौरान कई पंचायतों में काफी समय से पटवारी नहीं होने का मुद्दा उठाया गया।